**Need to restore the stoppage of trains at various railway stations in Janjgir-Champa Parliamentary Constituency, Chhattisgarh- Laid**

श्रीमती कमलेश जांगड़े **(**जांजगीर-चांपा**) :** मेरे लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चाम्पा में स्थित बाराद्वार, सक्ती , जांजगीर, चाम्पा, बिल्हा और अकलतरा रेलवे स्टेशनों पर कोरोना काल के पहले कई ट्रेनों का स्टापेज था लेकिन कोरोना काल के दौरान इन स्टेशनों पर कई प्रमुख ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था जो अभी भी उक्त स्टेशनों पर कोरोना काल से बंद ट्रेनों का ठहराव सुचारू रूप से संचालित नही हो पाया है । ट्रेनों का ठहराव नही होने के कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चाम्पा के लगभग लाखो लोगो को यात्रा करने में काफी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है । अतः माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि बाराद्वार , सक्ती , जांजगीर, चाम्पा, बिल्हा और अकलतरा रेलवे स्टेशनों पर कोरोना काल से बंद ट्रेनों का ठहराव को पुनः संचालित किया जाए , जिससे रेलवे को राजस्व में बढ़ोत्तरी होने के साथ साथ लोगो को यात्रा आवागमन में हो रही असुविधा को समाप्त किया जा सके ।